बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग
—: अधिसूचना :—

**संख्या—11/आ0 नी0—I—03/2023 (खण्ड) सा0प्र0 ......... पटना—15 दिनांक—......**

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या—19300 दिनांक—13.10.2023 द्वारा परिचारित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली—2023 के प्रावधानों के आलोक में राज्याधीन सेवा के विभिन्न सेवा संवर्गों में अस्थायी व्यवस्था के अंतर्गत राज्य कर्मियों को प्रोन्नति के पद का कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) देने के निमित्त विचार करने के लिए निम्नांकित प्रकार के विभागीय स्क्रीनिंग समिति गठित की जाती है—

(i) अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव अथवा विभागाध्यक्ष। — अध्यक्ष।

(ii) वित्त विभाग का एक प्रतिनिधि, जो संयुक्त सचिव अथवा उप सचिव से अन्यून स्तर का पदाधिकारी हो। — सदस्य।

(iii) सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मनोनीत पदाधिकारी। — सदस्य।

(iv) अनु0 जाति/जनजाति समुदाय का पदाधिकारी जो अवर सचिव से अन्यून स्तर का हो। — सदस्य।

(v) अल्पसंख्यक समुदाय का पदाधिकारी, जो अवर सचिव से अन्यून स्तर का हो। — सदस्य।

**2.** क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यालय प्रधान/विभागाध्यक्ष को अपनी स्थापना के अंतर्गत उपर्युक्त कंडिका—1 के अनुरूप स्क्रीनिंग समिति गठित करने के लिए अधिकृत किया जाता है।

**3.** इस अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत विभागीय स्क्रीनिंग समिति/स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा के पश्चात नियुक्ति प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत प्रोन्नति के उच्चतर पद के प्रभार (वेतनमान् सहित) से संबंधित आदेश निर्गत किया जा सकेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/—
(रजनीश कुमार)
सरकार के उप सचिव।

FILE PATH-C/DIWA – TIPPM

**ज्ञापांक–11/आ0 नी0–I–03/2023 (खण्ड) सा०प्र०** 19332 **पटना–15, दिनांक–** 14.10.2023

**प्रतिलिपि**–महालेखाकार, बिहार, पटना/सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना/ उप सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना/सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी विश्वविद्यालय के कुल सचिव/सभी जिला पदाधिकारी एवं अन्य सभी सम्बद्ध प्राधिकारों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रत्येक विभाग/विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि इस संकल्प की प्रति अपने अधीनस्थ कार्यालयों, स्थानीय निकायों, निगमों, लोक सेवा उपक्रमों एवं पर्षदों को अपने स्तर से उपलब्ध करा दिया जाय।

आई0 टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14/10/23

सरकार के उप सचिव।

FILE PATH-C/DIWA-TIPPNI